**2024**

# HINDI

( Honours Core )

Paper : HIN-HC-2026

( आधुनिक हिन्दी कविता : छायावाद तक )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र द्वारा रचित किसी एक काव्य-ग्रंथ का नाम लिखिए।

(ख) 'यशोधरा' काव्य का प्रकाशन कब हुआ था?

(ग) निराला की पुत्री का नाम क्या था?

(घ) सुमित्रानंदन पंत का जन्म कब हुआ था?

(ङ) 'राष्ट्रकवि' के रूप में कौन प्रसिद्ध हैं?

(च) 'परिवर्तन' शीर्षक कविता सुमित्रानंदन पंत के किस काव्य-संग्रह में संकलित है?

(छ) 'कामायनी' के अंतिम सर्ग का नाम क्या है?

(ज) 'परिमल' किसकी रचना है?

(झ) 'कामायनी' में कितने सर्ग हैं?

(ञ) महादेवी वर्मा को उनकी किस कृति के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) यशोधरा की किन्हीं दो चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ख) पंत ने गंगा के तट पर स्थित राजभवन के सौन्दर्य का वर्णन किस प्रकार किया है?

(ग) निराला का जन्म कब और कहाँ हुआ था?

(घ) 'कामायनी' के अलावा जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित किन्हीं दो काव्य-कृतियों का नामोल्लेख कीजिए।

(ङ) महादेवी वर्मा की दो काव्यगत विशेषताएँ लिखिए।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) 'निज भाषा उन्नति' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं, स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'यशोधरा' काव्य के आधार पर यशोधरा की मनोदशा का वर्णन कीजिए।

(ग) निराला का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(घ) 'नौका विहार' कविता के कला सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए।





(ङ) आशय स्पष्ट कीजिए :

मृत्यु, अरी चिर-निद्रे! तेरा अंक हिमानी-सा शीतल,
तू अनंत में लहर बनाती, काल-जलधि की-सी हलचल।

(च) 'बीन भी हूँ मैं तुम्हारी रागिनी भी हूँ' कविता की मूल संवेदना पर प्रकाश डालिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

सिद्धि हेतु स्वामी गये, यह गौरव की बात
पर चोरी-चोरी गये, यही बड़ा व्याघात
सखि, वे मुझसे कह कर जाते,
कह, तो क्या मुझको वे अपनी पथ-बाधा ही पाते?

**अथवा**

मुझ भाग्यहीन की तू संबल
युग वर्ष बाद जब हुई विकल,
दुःख ही जीवन की कथा रही,
क्या कहूँ आज, जो नहीं कही!

(ख) पठित कविताओं के आधार पर भारतेन्दु की राष्ट्रीय भावना पर प्रकाश डालिए।

**अथवा**

'आधुनिक हिन्दी कविता को मैथिलीशरण गुप्त की देन' पर एक लेख प्रस्तुत कीजिए।

(ग) 'परिवर्तन' कविता के प्रतिपाद्य की समीक्षा कीजिए।

अथवा

'मातृभूमि' कविता की भाव पक्षीय विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(घ) पठित सर्ग के आधार पर मनु की चारित्रिक विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

अथवा

'मंदिर का दीप' शीर्षक कविता की केन्द्रीय संवेदना पर विचार कीजिए।

★★★